Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding grievances of farmers related to Bharatmala Project in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): वर्तमान में मेरे संसदीय मतक्षेत्र बनासकांठा जिले में भारतमाला परियोजना का कार्य अभी प्रगति पर है, यह छः मार्गीय सड़क है जिसमे 70 मीटर चौड़ाई में किसानों की जमीन को सम्पादित किया है, इसकी वजह से किसानों को कई दिक्कतें आ रही है –

(1) जिस किसान के खेत से सड़क गुजरती है उसका सर्वे नंबर ब्लाक के दो हिस्सों में सड़क के कारण बंट जाता है उसमे दूसरे हिस्से में जाने का रास्ता कहीं से भी बचता नहीं है । मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह है कि उसके लिए सडक के दोनों तरफ सर्विस रोड का प्रावधान रखना चाहिए ताकि किसान अपने खेत में जा सके I

(2) अभी वर्तमान में दोनों साइड सर्विस रोड न रखकर कंपनी की ओर दोनों साइड में प्रोटेक्शन वाल बनाई जा रही है मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि वो बंद कर देनी चाहिए ताकि किसान अपने खेत में आवाजाही कर सके I

(3) परियोजना की सड़क में कई जगहों पर क्रासिंग के लिए जो अंडरपास बनाये जा रहें हैं उसका क्षेत्र छोटा होने के कारण किसान की ट्रैक्टर ट्रोली में आने जाने में दिक्कत होगी तो इस अंडरपास को भी बड़ा बनाया जाना चाहिए I आशा करता हूँ कि मेरी उपर्युक्त सभी मांगों पर जल्द से जल्द कार्यवाही होगी I